CHHATTISGARH SWAMI VIVEKANAND TECHNICAL UNIVERSITY, BHILAI

छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय, भिलाई

क्रमांक 3591/छगस्वावितवि/पीएच.डी./2019 भिलाई–नेवई, दिनांकः 12/12/2019

अधिसूचना

1. पीएच. डी. प्रवेश परीक्षा 2019 11 जनवरी 2020 को आयोजित की जाएगी। पीएच. डी. में प्रवेश हेतु शोध केन्द्रों में आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 23/12/2019 निर्धारित की जाती है।
2. पीएच. डी. प्रवेश परीक्षा आवेदन पत्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट से डाउन लोड कर निर्धारित शुल्क(1000/–) के साथ स्वयं द्वारा चयनित शोध केन्द्रों में निर्धारित तिथि तक जमा किया जा सकता है।
3. शोध केन्द्रों की सूची, रिक्तियों की जानकारी एवं पाठ्यक्रम (Syllabus) परीक्षा पद्धति एवं अन्य संबंधित जानकारी www.csvtu.ac.in/ew/research/phd-information पर उपलब्ध है। शोध केन्द्रों की विस्तृत जानकारी उनकी वेबसाइट से प्राप्त की जा सकती है।
4. शोध केन्द्र पीएच. डी. प्रवेश परीक्षा के आवेदन पत्र सूक्ष्म परीक्षण व DRC की अनुशंसा के पश्चात् दिनांक 30 दिसम्बर 2019 तक विश्वविद्यालय में जमा करेंगे।
5. संशोधित अध्यादेश क्रं. 10 की कण्डिका क्र. 3.4 के प्रावधान के अनुसार प्रवेश परीक्षा से छूट की पात्रता रखने वाले आवेदकों को भी निर्धारित अवधि में ही प्रवेश आवेदन पत्र संबंधित शोध केन्द्र में जमा करना होगा। आवेदन पत्रों की जॉच संबंधित DRC द्वारा करने के पश्चात् पात्र व अपात्र आवेदकों की सूची विश्वविद्यालय को उपलब्ध कराया जावेगा साथ ही आवेदकों को भी सूचित किया जाएगा।
6. शोध केन्द्रों द्वारा आवेदन पत्र स्वीकार करते समय यह सुनिश्चित किया जावेगा कि आवेदक ने समस्त जानकारियों का उल्लेख आवेदन पत्र में किया है तथा समस्त आवश्यक दस्तावेज संलग्न किया है।
7. पीएच. डी. प्रवेश परीक्षा का परीक्षा केन्द्र व समय निर्धारित तिथि से 07 दिनों पूर्व घोषित कर दिया जावेगा साथ ही प्रवेश पत्र संबंधित शोध केन्द्र में विश्वविद्यालय की ओर से उपलब्ध करा दिया जावेगा।
8. विभागीय शोध समिति (DRC) द्वारा शोध निर्देशकों के अधीन शोधार्थियों के प्रवेश हेतु छत्तीसगढ़ शासन के आरक्षण नियमों का पालन सुनिश्चित किया जावेगा।
9. शोध निर्देशकों के अधीन रिक्तियों की संख्या परिवर्तनीय है।

क्रमशः

Newai, P.O.- Newai, Distt-Durg (Chhattisgarh) PIN - 491 107
Phone No.: 0788-2200062, Fax: 0788-2445020
Web: www.csvtu.ac.in, E-mail: registrar@csvtu.ac.in

CHHATTISGARH SWAMI VIVEKANAND TECHNICAL UNIVERSITY, BHILAI

छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय, भिलाई

10. किसी भी स्थिति में विश्वविद्यालय का निर्णय अंतिम होगा।
11. आवेदन पत्र के साथ नियोक्ता का अनापत्ति प्रमाण पत्र संलग्न किया जाना आवश्यक है।
12. आवेदक अपने आवेदन सीधे शोध केन्द्र में व्यक्तिगतरुप से अथवा स्पीड पोस्ट द्वारा निर्धारित तिथि तक जमा कर सकते है।
13. सीधे विश्वविद्यालय को भेजे जाने वाले आवेदन पत्र स्वीकार नहीं होगे।
14. शोध केन्द्र पीएच.डी. में प्रवेश हेतु प्राप्त आवेदनों की जांच अध्यादेश क. 10 के प्रावधानों के अनुसार करेंगें।
15. विश्वविद्यालय के UTD के Research Centre में प्रवेश प्राप्त शोधार्थियों को TEQUIP-III के अंतर्गत प्रथम समेस्टर के लिए शोधवृति का प्रावधान है।

कुलसचिव
छगस्वावितवि भिलाई

पृष्ठ.क्रमांक 3592/छस्वावितवि/पीएच. डी./2018 भिलाई–नेवई, दिनांक: 12/ 12 /2019

प्रतिलिपिः–
1. समस्त शोध केन्द्र एवं समस्त संबद्ध संस्थाएँ, विवि शिक्षण विभाग (UTD) छगस्वावितवि, भिलाई की ओर सूचनार्थ एवं कार्यवाही हेतु।
2. विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी (अका/परीक्षा/सूचना प्रकोष्ठ) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
3. निज सचिव माननीय कुलपति।
4. निज सहायक, कुलाधिसचिव।
5. मास्टर फाइल।
6. संपादक, समस्त दैनिक समाचार पत्र, भिलाई को सूचनार्थ कि इस समाचार को अपने दैनिक में छात्रहित में समाचार के रुप में प्रकाशित करने का कष्ट करें।

12/12/19
कुलसचिव
छगस्वावितवि भिलाई

Newai, P.O.- Newai, Distt-Durg (Chhattisgarh) PIN - 491 107
Phone No.: 0788-2200062, Fax: 0788-2445020
Web: www.csvtu.ac.in, E-mail: registrar@csvtu.ac.in